राजीव रंजन मिश्रा, भा.प्र.से.
महानिदेशक
राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन
Rajiv Ranjan Mishra, IAS
DIRECTOR GENERAL
NATIONAL MISSION FOR CLEAN GANGA

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF JAL SHAKTI
DEPARTMENT OF WATER RESOURCES,
RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUVENATION

पत्र संख्या :- TE-14/2015-16/NMCG

दिनांक: 01 अप्रैल 2021

आदरणीय स्वामी जी,

रायवाला से भोगपुर तक गंगा नदी में अवैध खनन पर रोक के संदर्भ में मातृ सदन की मांग और तदुपरांत 13 मार्च से जारी आपकी तपस्या को विराम देने का आपसे सविनय अनुरोध करता हूं। ज्ञातव्य है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड वन विकास निगम को मार्च और अप्रैल, 2020 में श्यामपुर, बिशनपुर, चिडियापुर एवं भोगपुर क्षेत्र में खनन हेतु पर्यावरणीय अनुमति दी गयी थी। तदुपरांत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा इस क्षेत्र में भू-खनन के ऊपर एक तकनीकी अध्ययन के पश्चात पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरणीय अनुमति पर पुनर्विचार कर इन पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र दिनांक 02 सितम्बर 2020 के द्वारा निवेदन किया गया जो कि उस मंत्रालय में विचारधीन है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से एक बार पुनः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को तथा उत्तराखंड राज्य सरकार को दिनांक 01.04.2021 को पत्र लिख कर (प्रति संलग्न है) अनुरोध किया गया है कि इस क्षेत्र में दी गयी पर्यावरणीय अनुमति पर पुनर्विचार कर शीघ्र ही उन पर रोक लगाई जाए। आशा है कि शीघ्र ही इस विषय का समाधान गंगा एवं पर्यावरण संरक्षण के हित में किया जाएगा।

2. जल विद्युत परियोजनाओं के सम्बन्ध में इस मंत्रालय के विचारों से आप अवगत हैं। किसी भी नयी परियोजनाओं पर इस मंत्रालय ने अपनी सहमति नहीं दी है। आपको ज्ञात हैं कि सम्पूर्ण प्रकरण माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचारधीन है। इन पर तथा अन्य विषयों पर भी सरकार गंगा जी के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है।

3. हम आपकी गंगा जी की अविरलता एवं निर्मलता के प्रति समपर्ण तथा संकल्प का आदर करते है। समय-समय पर गंगा संरक्षण के विभिन्न आयामों पर हम सबका ध्यान आकर्षित करते रहे हैं तथा आशा हैं कि भविष्य में भी इन पर चर्चा एवं आपके सुझावों का लाभ हमें मिलता रहेगा।

4. आपका जीवन हम सब के लिए अमूल्य है। आपसे यह विनम्र निवेदन है कि आप अपना अनशन समाप्त करने की कृपा करें एवं गंगा संरक्षण के लिए हम सब मिलकर प्रयासरत रहें।

सादर।

भवदीय,

(राजीव रंजन मिश्रा)

**स्वामी श्री शिवानन्द जी महाराज,**
मातृ सदन, हरिद्वार



Scanned with CamScanner